A

HN 1101 **SECOND TERMINAL EVALUATION - 2017**

X

Third Language

HINDI

Time : 90 minutes
Maximum Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- 15 मिनट का कूल ऑफ़ टाइम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें, 1 से 3 तक का उत्तर लिखें।**

> कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आख़िरी बार।

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। (1)

(क) माँ का गीत सुनकर दर्शकों ने उसकी प्रशंसा की।

(ख) चार्ली का शो देखकर दर्शकों ने माँ से उसकी प्रशंसा की।

(ग) माँ की आवाज़ फट जाने से दर्शकों ने उसकी प्रशंसा की।

(घ) चार्ली का शो देखकर माँ ने उसकी प्रशंसा की।

2. वाक्य की पूर्ति करें। (1)

**चार्ली** स्टेज पर पहली बार **आया**।

**माँ** स्टेज पर आख़िरी बार ...........।

3. अपने नन्हे बेटे का शानदार स्टेज शो देखकर चार्ली की माँ बहुत खुश हो गई। चार्ली की माँ की उस दिन की डायरी लिखें। (डायरी लगभग 80 शब्दों की हो) (4)

**सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता का यह अंश पढ़कर 4 से 6 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

> कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
> कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त

4. ये पंक्तियाँ किस हालत की ओर इशारा करती है? (1)

(क) संपन्नता (ख) ख़ुशहाली (ग) प्रगति (घ) अकाल

5. 'चूहों की भी हालत रही शिकस्त' -इस पंक्ति से आप क्या समझते हैं? (2)

6. कवितांश की मदद से अकाल से उत्पन्न परेशानियों पर टिप्पणी लिखें। (3)

(टिप्पणी लगभग 40 शब्दों की हो)

47/357/17/HN1101/Std. X

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

> "ठाकुर लाठी मारेंगे। साहूजी एक के पाँच लेंगे। गरीबों का दर्द कौन समझता है! हम तो मर भी जाते हैं, तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता"

7. यह किसने किससे कहा? (1)

(क) गंगी ने जोखू से (ख) जोखू ने गंगी से

(ग) ठाकुर ने साहू से (घ) साहू ने ठाकुर से

8. नमूने के अनुसार वाक्य को बदलकर लिखें। (1)

| |
|---|
| **गंगी** चुपके से **बैठी।**<br>गंगी **को** चुपके से बैठना **पड़ा।** |
| **जोखू** ज़मीन पर **लेटा।**<br>...................................... |

9. सूचकों की सहायता से जोखू के चरित्र की विशेषताओं पर लघु लेख लिखें। (4)

- नीची जाति का व्यक्ति
- बीमारी से परेशान
- पत्नी से प्यार रखनेवाला
- उच्च वर्ग से डरनेवाला
- सामाजिक असमताओं को सहनेवाला

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

> पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।
> "साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे?" बेला ने पूछा।
> "और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला?" साहिल ने पूछा।

10. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। (1)

(क) बेला और साहिल परीक्षा लिखने के लिए स्कूल आए थे।

(ख) बेला और साहिल रिज़ल्ट जानने के लिए स्कूल आए थे।

(ग) बेला और साहिल विदाई समारोह के लिए स्कूल आए थे।

(घ) बेला और साहिल छठी में प्रवेश पाने के लिए स्कूल आए थे।

11. '**तुम**' के स्थान पर '**हम**' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)

*अब **तुम** कहाँ पढ़ोगे?*

12. कहानी के प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें।

**अथवा**

रिज़ल्ट के दिन साहिल दुखी होकर घर पहुँचा। साहिल और माँ के बीच के इस बातचीत को आगे बढ़ाएँ। (बातचीत में 5 विनिमय हों)

माँ : क्या हुआ बेटे? बहुत परेशान दिखते हो!

साहिल : बेला आगे मेरे साथ नहीं होगी न?

.............................................

**सूचना : यह कहानी पढ़ें और प्रश्न 13 और 14 का उत्तर लिखें।**

> सावन नाम का एक लड़का था। वह बहुत गरीब था। मेले में जाने के लिए उसने अपनी माँ से रुपया माँगा। माँ ने एक रुपया दिया। वह मेले में गया। वहाँ एक दुकान पर गया। उसने एक लड़की को देखा। वह रो रही थी। लड़की का रुपया गुम गया था। सावन ने उसे अपना रुपया दे दिया।

(गुम हो गया - നഷ്ടപ്പെട്ടുപോയി; lost)

13. इस कहानी के लिए उचित शीर्षक दें। (1)

14. कहानी के आधार पर सही मिलान करके लिखें। (4)

| | |
|---|---|
| कहानी का पात्र सावन | लड़की रो रही थी। |
| मेले में जाने के लिए | सावन ने रुपया दिया। |
| रुपया गुम जाने के कारण | गरीब लड़का था। |
| रोनेवाली लड़की को | सावन ने माँ से रुपया माँगा। |

**सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 15 और 16 का उत्तर लिखें।**

> इतिहासों की सामूहिक गति
> सहसा झूठी पड़ जाने पर
> क्या जाने
> सच्चाई टूटे पहियों का आश्रय ले

15. यह आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें : (1)

'सत्य का पक्ष टूटे हुए पहियों का सहारा ले सकता है।'

16. 'अचानक' शब्द का समानार्थी शब्द कवितांश से चुनकर लिखें। (1)

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का अंश पढ़ें और 17 से 19 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

> फूलदेई त्यौहार के आयोजन में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है। बाकी सारे काम बच्चे करते हैं। उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई से बड़ा बच्चों का कोई दूसरा त्यौहार नहीं है।

17. फूलदेई त्यौहार के आयोजन में बड़ों की भूमिका : (1)

    (क) आयोजक की है। (ख) सलाहकार की है।

    (ग) सहायक की है। (घ) संचालक की है।

18. 'बच्चे' के बदले 'बच्चा' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)

    सारे काम **बच्चे** करते हैं।

19. मान लें, इस वर्ष पंचाचूली इलाके में सामूहिक फूलदेई त्यौहार आयोजित किया गया। अनेक कार्यक्रम भी मनाए गए थे। नीचे दिए संकेतों के आधार पर एक समाचार लिखें। (4)

    - रंगबिरंगे फूलों की सजावट
    - लोकगीतों की प्रस्तुति
    - नाटक प्रतियोगिता
    - सामूहिक भोज
    - गरीबों के लिए कपड़ा वितरण

**अथवा**

'सामूहिक फूलदेई त्यौहार' के प्रचार के लिए 'मित्र मंडल सांस्कृतिक समिति' ने पोस्टर बनाया था। संभावित पोस्टर तैयार करें।

**सूचना : 'जैसलमेर' यात्रावृत्त का अंश पढ़ें और प्रश्न 20 और 21 का उत्तर लिखें।**

> उस दिन हम हिंदुस्तान की आख़िरी सीमा (बॉर्डर) देखने गए। बॉर्डर जैसलमेर से कोई 100 -130 किलोमीटर दूर है।

20. 'जैसलमेर' यात्रावृत्त का लेखक कौन है? (1)

    (मुकेश नौटियाल; प्रभात; मिहिर; सत्यजीत राय)

21. वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें। (2)

